पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) और (ख) अब तक चोरी की 16 घटनाएं हुई हैं जिनमें से 10 गुजरात राज्य की हैं और 6 राजस्थान राज्य की हैं। क्षति की कुल मात्रा लगभग 5119 कि.ली. है जो लगभग 4.22 करोड़ रुपये की है।

(ग) यह मामला समुचित कार्रवाई के लिए गुजरात और राजस्थान दोनों राज्य सरकारों के साथ उठाया गया था। चोरी के मामलों में प्राथमिकियां भी दर्ज कराई गई हैं। पाइपलाइन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आई ओ सी ने हेलीकाप्टर द्वारा निगरानी के साथ-साथ पाइपलाइन की गश्त भी बढ़ा दी है।

उत्तरांचल के लिये प्राकृतिक गैस कनेक्शन

1767. **श्री मनोहर कांत ध्यानी:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के लागू होने तथा पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से उत्तरांचल को प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराने का निर्णय किया गया था;

(ख) यदि हां, तो कितने परिवारों को रसोई गैस कनेक्शन दिये गये और ऐसे लोगों की संख्या क्या है जिन्होंने वहां गैस कनेक्शन प्राप्त कर उसे मैदानी क्षेत्रों को अंतरित करवा दिया है; और

(ग) दूरस्थ क्षेत्रों के परिवारों सहित सभी परिवारों को पूरी तरह से इस योजना के अंतर्गत कब तक लाए जाने का विचार है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) से (ग) उत्तरांचल सहित पारिस्थितिक रूप से कमजोर पर्वतीय क्षेत्रों में वनों और पर्यावरण के संरक्षण के हित में, सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों अर्थात् 2000 फुट और अधिक की ऊंचाई वाले स्थानों में 1.4.96 से मांग पर एल पी जी कनेक्शन जारी करने में प्राथमिकता दी है। मैदानी क्षेत्रों, जहां प्रतीक्षा सूची लम्बी है, के बेईमान तत्वों द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में गैस कनेक्शनों की आसान उपलब्धता के दोहन को न्यूनतम करने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि पर्वतीय क्षेत्र में जारी किए गए किसी एल पी जी कनेक्शन के प्रति कम से कम 3 वर्ष तक टर्मिनेशन बाऊचर जारी नहीं किया जाएगा। इसका एक मात्र अपवाद सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के स्थानान्तरण पर प्रस्थान करने वाले कर्मचारियों के लिए अनुमति देना था परन्तु ऐसी अनुमति नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए गए प्रामाणिक स्थानान्तरण आदेशों के प्रस्तुत करने पर ही उपलब्ध होगी। पर्वतीय क्षेत्र से टर्मिनेशन बाऊचरों की बाहर जाने की दर किसी वर्ष में कुल पंजीकरण के 5 से 10 प्रतिशत के बीच रही है।

Production at Bombay High

1768. SHRI NILOTPAL BASU:
SHRI DIPANKAR MUKHERJEE:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) The production at the Bombay High in 1990, 1995 and as on date;

(b) Whether a Government appointed committee has concluded that the drop in production level has stemmed from ONGC flogging the field;

(c) whether the committee in its report has advised Government to instruct ONGC to cut shortterm production at the Bombay High to safeguard existing reservior levels;

(d) whether the 25 percent cut in production is needed to rehabilitate the Bombay High; and

(e) if so, the action plan of Government on the report and if not, the factual position as on date?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) The production of crude oil excluding condensate from Bombay High in 1990-91, 1995-96 and 1997-98 was as under:

Year	Crude oil production (MMT)
1990-91	17.87
1995-96	13.58
1997-98	12.43